अखिल भारतीय तेरापंथ महिला मंडल

अध्यक्षीय कार्यालय :
SARITA DAGA
45-46, Gem Enclave, Pradhan Marg,
Malviya Nagar,Jaipur-302017
Mob.: 9413339841
Email: president@abtmm.org

# नारी लोक

अखिल भारतीय तेरापंथ महिला मंडल का मासिक मुखपत्र

अप्रैल, 2024 अंक 309

## अध्यक्षीय आह्वान

सम्माननीय बहिनों,

सादर जयजिनेन्द्र !

अप्रैल माह एक परिवर्तन का सा माह लगता है। जहाँ एक तरफ व्यवसायिक दृष्टिकोण से एक अप्रैल से नया वित्तीय वर्ष प्रारम्भ होता है वहीं अप्रैल माह में ही चैत्र माह में संवत्सर वर्ष भी नया आ जाता है। मौसम भी परिवर्तन के दौर में अंगड़ाई लेने लगता है। सर्दी के अहसास के बाद गर्मी का मौसम आ जाता है। इस बदलते परिवेश में अपने आप को संतुलित रखना और सम्यक् चिंतन के साथ व्यवस्थित रहना भी एक कला है। कहा जा सकता है कि यह कसौटी का या परीक्षा का समय है। इसी माह में बच्चों की परीक्षाएं भी होती है जिसमें बहिनों की भूमिका भी महत्वपूर्ण बन जाती है। कहने को तो परीक्षा बच्चों की है पर ऐसा लगता है कि बहिनों के लिए भी यह समय परीक्षा की कसौटियों से कम नहीं है।

यही वह समय है जब हमें भी जीवनरूपी परीक्षा में खरा उतरने की पहल करनी होती है। घर परिवार को समय देना, बच्चों के लिए भी समय नियोजन करना और उन्हें अच्छे वातावरण के साथ अच्छा माहौल प्रदान करना भी हमारा दायित्व बन जाता है। परीक्षा का समय प्रत्येक व्यक्ति के लिए एक कठिन सा समय होता है पर इस समय में अपने आप को संतुलित रखना, तनावमुक्त रखना और सम्यक् रूप से समय का नियोजन करना विशेष बात है। बच्चों की वार्षिक परीक्षा का यह समय विशेषकर माँ से भी समय मांगता है। बहिनों इस समय आप स्वयं तनावमुक्त रहकर बच्चों को भी तनावमुक्त रखें। उन्हें ऐसा माहौल दें कि वे परीक्षा के समय भी सहजता से अपने लक्ष्य की ओर ध्यान दें तथा परीक्षा में अच्छे अंक लाने का प्रयास करे। कहते भी है कि बच्चों का निर्माण केवल स्कूली शिक्षा से ही नहीं होता बल्कि बच्चे के निर्माण का महत्वपूर्ण पायदान होता है उसके माता-पिता। गुरुदेव तुलसी के शब्दों में निर्माण का तात्पर्य जन्म देना, लालन-पालन करना और अर्थोपार्जन के योग्य बना देना ही नहीं है, अपितु निर्माण का अर्थ है- जीवन का सर्वांगीण विकास करना। अपनी संतान को सामाजिक, व्यावहारिक, बौद्धिक, आध्यात्मिक एवं मानसिक- सब क्षेत्रों में विकसित करने वाले माता-पिता ही वस्तुतः कुशल निर्माता है। गुरुदेव तुलसी कहते हैं- ''मैं मानता हूँ कि बच्चों का निर्माण जितना माता-पिता कर सकते हैं उतना कोई नहीं कर सकता।''

गुरुदेव तुलसी के उपरोक्त संदेश को समझें तो बहिनों का दायित्व अत्यधिक मुखर बनता है। एक कुशल गृहिणी के रूप में हम अपने नियमित पारिवारिक कार्यों के साथ-साथ बच्चों को अच्छी परवरिश दें, उनके Motivator बनें और उन्हें सहजता से आगे बढ़ाने में अपने यथोचित समय नियोजन से प्रेरित करें। बहिनों, अगर आपने अपने इस दायित्व निर्वहन में अच्छे अंक प्राप्त कर लिए तो बच्चों की परीक्षा के साथ-साथ आपकी स्वयं की परीक्षा में भी आप उच्च आदर्श स्थापित कर सकेंगी।

हमारा धर्म संघ भी हमें आदर्श स्थापित करने और संस्कारित जीवन जीने की प्रेरणा देता है। परमपूज्य आचार्यश्री महाश्रमणजी की दीक्षा का यह 50वां वर्ष चल रहा है। पूरा धर्म संघ इस अवसर को आचार्य महाश्रमण दीक्षा कल्याण महोत्सव के रूप में मना रहा है। अखिल भारतीय तेरापंथ महिला मंडल भी इस वर्ष को अनेक उपक्रमों के साथ मनाते हुए पूज्य गुरुदेव की अभ्यर्थना कर रहा है। 'महाश्रमणोस्तु मंगलम्' कार्यक्रम के अंतर्गत हम समय-समय पर आपको जप-तप की सहभागिता वृहद आंचलिक कार्यशालाओं में उपस्थिति एवं स्थानीय स्तर पर विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन आदि की जानकारी 'नारी लोक' एवं Social Media के माध्यम से प्रेषित कर रहे हैं। मेरा आप सब बहिनों से यही आह्वान है कि आप जप-तप एवं अन्य आयोजनों में सक्रियता से सहभागी बनकर गुरु के प्रति अपनी अभिवंदना समर्पित करें।


सामाजिक संस्थाओं में जुड़ाव भी हमारी कार्य पद्धति का ही एक हिस्सा है। संस्था के कार्यों के साथ-साथ हम परिवार एवं समाज में भी समय का संतुलन रखते हुए सारे कार्यों को यथासमय यथोचित रूप से सम्पादित करें। महिला मंडल का यह संगठन हमें संस्कारों की सौगात देता है तो सम्यक् ज्ञान, सम्यक् दर्शन एवं सम्यक् चारित्र की सीख भी देता है। कर्त्तव्यबोध की भावना हमारे विकास का हेतु बने और हम मंजिल दर मंजिल आगे बढ़ते रहें, यही कामना है।

शुभाकांक्षी

Sarita Daga

सरिता डागा

POWERHOUSE



## रोज की एक सलाह

अपनी शक्ति को पहचानो। उसकी रक्षा करो। उसका विकास करो और उसका सही उपयोग करो। वह किसी के विनाश का साधन न बने, किसी के विकास का माध्यम ही बने।


कर्त्तव्यनिष्ठा बहुत बड़ा गुण है। जिस आदमी का जो कर्त्तव्य है, उसके निर्वाह में निष्टा रहनी चाहिए। कर्त्तव्य भिन्न–भिन्न हो सकता है पर कर्त्तव्य निष्ठा सबमें उत्कृष्ट रहे, यह काम्य है।

**–आचार्य महाश्रमण** (रोज की एक सलाह से साभार)

## निर्माता कौन

व्यक्तित्व–निर्माण की महत्वपूर्ण अवस्था है बचपन और निर्माता है माता–पिता। इस अवस्था में बालक का जीवन कच्ची मिट्‌टी के समान होता है। उसे जैसा चाहे आकार दिया जा सकता है। वह कोरे कागज के समान होता है, उस पर जैसा चाहे चित्र बनाया जा सकता है। माता–पिता यदि अपने दायित्व के प्रति पूर्ण जागरूक होते हैं तो वे अपनी संतान को आदर्श मार्ग पर प्रस्थापित कर सकते हैं। जन्म देना और जीवन देना– ये दो बातें हैं। जन्म देने वाले तो सभी माता–पिता होते हैं, पर जीवन देने वाले माता–पिता विरले ही होते हैं।

**– आचार्य तुलसी** (मंजिल की ओर से साभार)





## अनुशासन

अनुशासन एक कला है। उसका शिल्पी यह जानता है कि कब कहा जाए और कब सहा जाए। सर्वत्र कहा ही जाए तो धागा टूट जाता है और सर्वत्र सहा ही जाए तो वह हाथ से छूट जाता है।

हर आदमी चाहता है मेरा अनुशासन चले पर यह नहीं चाहता कि मैं अनुशासन में चलूं। उसे अनुशासन करने का कोई अधिकार नहीं है, जो अनुशासन में नहीं रह चुका है। अनुशासन जीवन की सर्वोच्च उपलब्धि है। उसमें रहना कठिन है तो उसमें दूसरों को रखना कठिनतर है।

**–आचार्य महाप्रज्ञ** (अनुभव का उत्पल से साभार)

# अभातेममं- राष्ट्रीय कार्यसमिति मीटिंग पुणे में




अखिल भारतीय तेरापंथ महिला मंडल के सत्र 2023–25 की राष्ट्रीय कार्यसमिति की द्वितीय बैठक का आयोजन **आचार्यश्री महाश्रमण** प्रवास स्थल पुणे में हुआ। इस अवसर पर देशभर से उपस्थित अभातेममं पदाधिकारी, ट्रस्टी, राष्ट्रीय कार्यसमिति सदस्य आदि ने **परम श्रद्धेय आचार्यश्री महाश्रमणजी** का मंगल आशीर्वाद प्राप्त किया। राष्ट्रीय अध्यक्ष ने मंडल द्वारा संचालित गतिविधियों एवं आयोजित कार्यक्रमों की जानकारी गुरुदेव को निवेदित की।

**साध्वी प्रमुखाश्री विश्रुतविभाजी** ने अपने महत्वपूर्ण उद्‌बोधन से मार्गदर्शन प्रदान किया। मीटिंग में मंडल के आयोजित कार्यक्रमों, चल रही गतिविधियों एवं भावी कार्यक्रमों के बारे में समीक्षा एवं चिंतन–मंथन किया गया। **आचार्यश्री महाश्रमणजी के 50वें दीक्षा कल्याण महोत्सव** पर अभातेममं द्वारा की जा रही अभ्यर्थना का उपक्रम **'महाश्रमणोस्तु मंगलम्'** के नाम से किया जाएगा, जिसके लोगो का अनावरण पूज्य प्रवर के सान्निध्य में किया गया। राष्ट्रीय अध्यक्ष **श्रीमती सरिता डागा** ने बताया कि **महाश्रमणोस्तु मंगलम्** कार्यक्रम के अंतर्गत देशभर में **5 वृहद् कार्यशालाओं का आयोजन क्रमशः कोलकाता, अहमदाबाद, भीलवाड़ा, गुवाहाटी एवं जयपुर में होगा। अभिवंदना का मुख्य कार्यक्रम जालना, महाराष्ट्र** में आयोजित होगा।

आराधना आराध्य की

अभिवंदना के इन क्षणों में एकस्वर नारी शक्ति का

# महाश्रमणोस्तु मंगलम्




**संयम का अविचल हिमालय, शांतिदूत परम अविकारी,**
**सत्य-अहिंसा दिव्य पुजारी, त्याग-तपस्या जीवन बलिहारी।**
**युग प्रधान ओजस्वी रत्नाकर, संघ क्षितिज के स्वर्णिम प्रभाकर,**
**पावन दीक्षा कल्याण महोत्सव, करते अभिनंदन शीष झुकाकर।।**

**5 वृहद आंचलिक कार्यशालाएं**

| | |
|---|---|
| कोलकाता, | 4 अप्रैल, 2024 |
| अहमदाबाद, | 1 मई, 2024 |
| भीलवाड़ा, | 2 मई, 2024 |
| गुवाहाटी, | 5 मई, 2024 |
| जयपुर, | 12 मई, 2024 |

**मुख्य आयोजन अभिवंदना का :**

## जालना (महाराष्ट्र)

# Akhil Bhartiya Terapanth Mahila Mandal
# CLEAN INDIA (Swachha Bharat Abhiyan)
## One more step 'Towards A Greener 2moro'
## #Solution to Plastic Pollution

Plastic, which was considered by the mankind as a boon once upon a time, has become a venom in the very lives of the people. India has been generating about 26000 tonnes of plastic waste per day. Of these, only 8% is being recycled; the rest gets converted into either mountains of waste or gets spread into the fields making them unfertile. Some of plastic also slips away into the Metropolitan cities, causing huge harmful effects to the environment. By the production, disposal and destruction of the plastic, harmful green-house gases are excreted. These contribute to the phenomenon of 'Global warming'. **Akhil Bhartiya Terapanth Mahila Mandal** has considered the magnitude and the complications of this problem. As a result, the sixty thousand active and empowered women force of the 500 branches of the institution has taken a step in the task of recycling the plastic waste. They have commenced the movement **"Towards A Greener 2moro"** to recycle the plastic- waste. For that purpose, they have taken up the task of installing the Recycling Machines.

### DIRECTIVE POINTS OF RECYCLING MACHINES

- The recycling Machines shall be installed at the public places like Railway Stations, Airports, Bus stands, Hospitals, Shopping-malls as well as places of Community Celebrations (like Marriage Places, Guest Houses, Public Buildings and Resorts etc.)• The work relating to the securing of approval etc, will be done under the directions of Akhil Bharatiya Mahila Mandal.
- A short video of the installation and putting to use may be made and sent to theCo-Ordinator.
- It is requested that all the branches should participate in this movement and create awareness among the people to deposit the maximum number of Pet Bottles in the machines.
- For more information, kindly contact **Srimati. Alka Baid** (**Mobile Number. 9352774011**)
  'Outline of the Recycle Machine' Back side BLOCK is given.


**Create new Hymns of power, Light the Lamps of Discipline**

## 'Recycle Machine dummy'

**Front side**




**Back side**



# तेरापंथ महिला मंडल

## माह अप्रैल - करणीय कार्य
## पौध को सींचे (Good Parenting)

**संस्कारों की संपदा, हैं उत्कृष्ट अमूल्य।**
**धन वैभव संसार का, रखता है क्या मूल्य !!**

अप्रैल का महीना हम अधिकांश महिलाओं के लिए परेशानी और panic भरा होता है और यह panic होता है हमारे बच्चों के exams का। आज के युग में बढ़ते competition और सबसे आगे दिखने की होड़ में हर वर्ग के बच्चों के exams एक तरह से parents के जीवन की महत्वपूर्ण परीक्षा बन गई है। इस समय में विशेष रूप से एक माँ का दायित्व और एक माँ की भूमिका इस Panic को Peace में बदलने में महत्वपूर्ण हो सकती है।

इस माह करें एक विशेष सेमिनार की आयोजना...

**विषय** : Panic or Peace

**सहभागीः** परिवार की सभी महिलाएं

**प्रशिक्षणः** किसी Councillor, Psychologist या विषय विशेषज्ञ से।

**ध्यान दें :**

1. किसी Education Councillor या विषय विशेषज्ञ को बुलाकर, जाने परीक्षाओं के समय की बच्चों की मानसिक स्थिति को।
2. प्रेक्षाध्यान प्रशिक्षक से जाने इस संदर्भ में प्रेक्षाध्यान की उपयोगिता।
3. साझा करें बच्चों को इस समय Relax और Stress Free रखने के Tips.
4. कैसे करें इस नाजुक समय में एक माँ अपने बच्चों के साथ व्यवहार।

इन बिन्दुओं पर चर्चा करते हुए करें एक सेमिनार का आयोजन।

इस कार्यशाला में **चिंता को चिंतन** में परिवर्तन करने का प्रयास करें।

**कार्यशाला में निम्नलिखित बिन्दुओं का समावेश करें :**

- **स्मृति विकास–** के लिए महाप्राण ध्वनि का करें प्रयोग।
- **करें स्वयं का निर्माण–** समय प्रबंधन सूत्र का करें उपयोग
- **आत्मविश्वास जागरण–** रहे सदा सकारात्मक सोच का योग।
- **रहे खान–पान की शुद्धि–** बढ़े प्रखर बुद्धि
- **दोहराने–** के अभ्यास का करें सतत प्रयोग।

---

# महाश्रमणोस्तु मंगलम्

## मई माह : करणीय कार्य

मई का महीना प्रतिवर्ष तेरापंथ धर्मसंघ के सर्वोच्च शिखर पर प्रतिष्ठित वर्तमान अधिशास्ता **युगप्रधान आचार्यश्री महाश्रमणजी** के विराट भगवद्रूप को उजागर करता है। इस बार वर्ष 2024 में तो यह मास बहुत ही खास बन गयाहै। ज्योतिप्रपात परमपूज्य ज्योतिचरण अपनी संयम–साधना की प्रवर ज्योतिर्मयी रश्मियों से समूची मानवता को अनवरत आलोकित कर रहे हैं। ऐसे चिदानन्द योगी के संयम जीवन के छठे दशक में प्रवेश का पावन प्रभात इसी महीने हमारे सौभाग्य को शतगुणित करने आ रहा है।

अब तक **महाश्रमणोस्तु मंगलम्** के विविध अनुष्ठानों में सहभागिता निभाकर आपने दीक्षा कल्याण महोत्सव वर्ष पर अपनी अभिवंदना समर्पित की है। इस मुख्य मास में आर्यवाणी के प्रयोक्ता एवं साकार रूप परम पावन को हमें आर्ष राशि में उल्लिखित अष्ठगणी सम्पदा के माध्यम से श्रद्धाध्य अर्पित करना है। जहाँ तक संभव हो सके चारित्रात्माओं के सान्निध्य में कार्यक्रम करें।

- कार्यक्रम का शुभारम्भ महाश्रमण अष्ठकम से करें।
- आचार्य सम्पदा, श्रुत संपदा, शरीर संपदा, वचन संपदा, वाचना संपदा, मति संपदा, प्रयोग संपदा, संग्रहपरिक्ता संपदा– इनमें से किसी एक/एकाधिक संपदा को अपनी अभिव्यक्ति का विषय बनाएं।
- आचार्य महाश्रमणजी की पुस्तक **'परम सुख का पथ, सम्पन्न बनो, धम्मो मंगल मुक्किटुं'** में से किसी एक पर quiz (प्रतियोगिता) आयोजित करें।
- आचार्य महाश्रमणजी को समर्पित गीतिका का संगान करे।

# अखिल भारतीय तेरापंथ महिला मंडल

DOOR TO DOOR CONNECT

**लक्ष्य**
अधिक से अधिक बहिनें स्थानीय महिला मंडल के साथ एवं कन्याएं कन्यामंडल के साथ जुड़े।

**अपेक्षा**
जैसा कि आप सभी को विदित है, जनवरी की **नारीलोक** के माध्यम से इंगित दिया गया था कि सभी शाखा मंडल अपने-अपने क्षेत्र में स्थानीय स्तर पर सभी परिवारों से सम्पर्क का कार्य **30 अप्रैल, 2024** तक सम्पन्न करेंगे।

**किससे सम्पर्क करना है ?**
*वे बहिनें, जो कार्यक्रम में सर्कियता नहीं दिखाती हैं।
*वे बहिनें, जिन्होंने अभी तक मंडल में सदस्यता ग्रहण नहीं की है।
*वे बहिनें, जो मंडल की गतिविधियों से अवगत नहीं हैं।

**कैसे सम्पर्क करें ?**
**छोटे शहरों में :**
*यथासंभव प्रत्येक घर से व्यक्तिशः सम्पर्क करें।
*सभी कार्यक्रम में अधिक से अधिक बहिनों को जोड़ने का प्रयास करें।
**बड़े शहरों में :**
*संगोष्ठियों के माध्यम से अधिकाधिक बहिनों को जोड़ने का प्रयास करें।

**क्या साझा करें ?**
महिलाओं और कन्याओं को उनकी रुचि एवं आयु के अनुसार मंडल में संचालित कार्यक्रमों से अवगत कराएं।
*मंडल स्वयं की पहचान और प्रतिभा के विकास के लिए मंच प्रदान करता है।
*मंडल व्यवसायों के लिए नेटवर्किंग मंच प्रदान करता है।
*मंडल हमें सांस्कृतिक मूल्यों से अवगत कराते हुए धार्मिक, आध्यात्मिक, सामाजिक जीवन को बेहतर बनाने में मदद करता है।
*शिक्षा, स्वच्छता, सुरक्षा और अन्य क्षेत्रों में समुदाय के लिए योगदान देने का एक मंच प्रदान करता है।

**किए हुए कार्यों का Record रखें**
*नए सदस्यों की जुड़ाव संख्या एवं मंडल के उन्नयन हेतु अमूल्य सुझावों को अपने प्रभारी के साथ साझा करें।

## EACH ONE, REACH ONE

संयोजिका : श्रीमती माला कातरेला- 9841725560, श्रीमती उषा सिसोदिया- 9414974538.

स्वस्थ परिवार
स्वस्थ समाज

# अखिल भारतीय तेरापंथ महिला मंडल
# कैंसर जागरूकता अभियान
## करणीय कार्य



Cancer Awareness का एकवर्षीय प्रोग्राम अब अपने चौथे पायदान में प्रवेश कर रहा है। हमें हार्दिक प्रसन्नता है कि मंडल के इस सामयिक अभियान में अनेकों शाखा मंडलों ने जागरूकता से एवं सक्रियता से इस अभियान में अपनी सहभागिता दर्ज करवायी।

शाखा मंडलों द्वारा आयोजित कार्यक्रमों में हजारों-हजारों बहिनों ने सजगता के साथ पिछले माह के कार्यक्रमों में हिस्सा लिया, चाहे वह Zoom पर विशेषज्ञ डॉक्टर से जानने और समझने की बात हो या Awareness Camp आयोजित करना हो या फिर अन्य माध्यमों से समझने की बात। कैंसर की बीमारी से निजात पाना **'मुश्किल है पर नामुमकिन नहीं'** इस ध्येय सूत्र को भी बहिनों ने समझा और कैंसर पीड़ितों से सम्पर्क कर उनका मनोबल भी बढ़ाया।

कैंसर जैसी बीमारी पर विजय प्राप्त करने वाली बहिनों के संस्मरण भी बहुत प्रभावी एवं रोंगटे खड़े कर देने वाले हैं। इन संस्मरणों और अनुभवों को सुनने के बाद ऐसा अनुभव किया गया है कि कैंसर से पीड़ित व्यक्ति टूट जरूर जाता है पर फिर एक नए उत्साह के साथ एक नए जन्म की तरह अपनी जिंदगी की गाड़ी को पटरी पर आगे बढ़ाता है। सचमुच ऐसा लगता है कि मंडल का यह अभियान एक ज्वलंत समस्या से निदान पाने के लिए सार्थकता से आगे बढ़ रहा है।

बहिनों! कैंसर जागरूकता अभियान का प्रोग्राम वर्ष पर्यन्त चलने वाला अभियान है और इसकी अपेक्षा भी है। अब हमें चरणबद्ध तरीके से ही आगे बढ़ना है और ज्यादा से ज्यादा लोगों तक awareness प्रदान कर समाधान की कड़ी बनना है। इसी क्रम में हमारा अभियान उन क्षेत्रों की ओर आगे बढ़ाना है जिन क्षेत्रों को इसकी अधिक अपेक्षा है। इस हेतु- हम उन क्षेत्रों, उस locality, उस factory में अभियान को पहुँचाएं जहाँ Cancer जागरूकता का अभाव है।

सभी शाखा मंडल किसी अच्छे अस्पताल से सम्पर्क कर mobile van की व्यवस्था कर सकती है, जिसके अंदर ही Testings इत्यादि किए जा सकें। डॉक्टर्स व उनकी टीम की देखरेख में ही इस जाँच का प्रोग्राम किया जा सकेगा।

अगर Mobile Van उपलब्ध ना हो सके तो जाँच कराने की व्यवस्था भी कराई जा सकती है। Testing के लिए प्राथमिकता हमारे समाज की बहिनों को दी जाए और अगर उपयुक्त लगे तो ग्रामीण बहिनों, अशिक्षित महिलाओं को इस जाँच की सुविधा से लाभान्वित किया जा सकता है।

सभी महिलाओं की ये **Basic tests** करवाए जाएं। जैसेः

- **Chest X-Ray,**
- **USG Abdomen,**
- **Tumour Markers like Ca 125,**
- **Self Breast Examination,**
- **Blood test** इत्यादि।

मुँह के कैंसर के अंतर्गत आप किसी ऐसी Factory या ऐसा संस्थान, जहाँ खैनी, गुटका या अन्य नशीले पदार्थों का सेवन अधिक हो रहा हो, वहाँ जाकर Talk Show दें। किसी **विशेषज्ञ डॉक्टर** द्वारा भी यह Talk Show आयोजित करवाया जा सकता है। इन नशीले पदार्थों से कैसे मुँह का कैंसर जल्दी-जल्दी बढ़ता है और ये कितना खतरनाक साबित हो सकता है। इसकी अच्छी जानकारी दें।

- अधिक से अधिक व्यक्तियों को इन नशीले पदार्थों को छुड़वाने का प्रयास करें।
- मुँह के कैंसर से संबंधित पोस्टर या CD भी वितरित की जा सकती है।
- इन सभी कार्यक्रमों में होने वाले व्यय मंडल स्थानीय स्तर पर ही करे।
- सभी छोटे क्षेत्र आस-पास के बड़े क्षेत्रों से सम्पर्क कर इस कार्यक्रम को सम्पादित कर सकते हैं।
- उपरोक्त करणीय कार्य शाखा मंडल अप्रैल और मई माह में कभी भी आयोजित कर सकते हैं।
- बहिनों! हमें सक्रियता से इस अभियान को आगे बढ़ाना है और हमारी सक्रियता से किसी पीड़ित व्यक्ति को निदान मिलता है या यूँ कहें, जीवनदान मिलता है तो **अखिल भारतीय तेरापंथ महिला मंडल का ये अभियान** प्रभावी एवं सार्थक होगा।

अधिक जानकारी के लिए संयोजिका **श्रीमती अनिता बरड़िया** से **9500464089** पर सम्पर्क कर सकते हैं।

श्री Utsav

***A Platform... To the Women... By the Women... For everyone***

An Exhibition to boost Creativity, Homemade Items, Handmade Items & Businesses of Women

अखिल भारतीय तेरापंथ महिला मंडल द्वारा प्ररूपित **श्रीउत्सव** बहिनों के स्वावलम्बन विकास व आत्मविश्वास संवर्द्धन में सहायक सिद्ध हो रहा है। शाखाओं से निवेदन है कि इस वर्ष भी श्रीउत्सव का आयोजन अवश्य करें।

अधिक जानकारी हेतु सम्पर्क सूत्र

**संयोजिका**

**श्रीमती संगीता बाफना, मो.: 9836060000,**

**श्रीमती मनाली चौरड़िया, 8824181044**

# अखिल भारतीय तेरापंथ महिला मंडल के तत्वावधान में तेरापंथ कन्या मंडल द्वारा आयोजित गुरुवर अभ्यर्थना - कला परिदर्शन

**आचार्यश्री महाश्रमणजी के 50वें दीक्षा कल्याण महोत्सव के उपलक्ष्य में अभ्यर्थना हेतु समस्त कन्याएं चित्रकला अथवा हस्तकला के माध्यम से गुरुदेव के जीवन दर्शन को प्रस्तुत करें।**

**चित्रकला प्रतियोगिता (Poster Making Competition)**

**दिशा-निर्देश :**

- चित्रकला प्रतियोगिता में आचार्यश्री महाश्रमणजी (गुरुदेव) का प्रतिबिम्ब अनिवार्य रूप से होना चाहिए।
- चित्र में गुरुदेव के जीवन से संबंधित दीक्षा, आचार्य पदाभिषेक, युगप्रधान अलंकरण, विहार, गोष्ठी या कन्याओं को उपदेश देते हुए किसी भी प्रसंग को ले सकते हैं।
- चित्र प्रतियोगिता का आयोजन राष्ट्रीय स्तर पर किया जाएगा। प्रतियोगिता में आपके क्षेत्र से प्राप्त सारे चित्रों को आपको केन्द्र में भेजना रहेगा, जिसका पता नीचे दिया गया है।
- प्रतिभागी को A-4 साइज के चार्ट पेपर पर ही चित्र बनाना होगा।
- चित्रकला में किसी भी प्रकार के Pastel colours, sketch pencils, water colours, pencil colours का उपयोग किया जा सकता है।
- चित्र के चारों ओर 1 इंच की ब्लैक बॉर्डर बनानी रहेगी।
- चित्र का शीर्षक अनिवार्य रूप से देना रहेगा।
- पोस्टर के पीछे प्रतिभागी का नाम, क्षेत्र और चित्र का शीर्षक (Title) लिखना रहेगा।
- प्रतियोगिता में भाग ले रहे संभागियों का चित्र 4 मई, 2024 तक दिए पते पर पहुँचाना रहेगा।
- प्रतियोगिता का परिणाम निर्णायक मंडल द्वारा दिया जाएगा। राष्ट्रीय स्तर पर 5 विजेताओं को पुरस्कृत किया जाएगा।

**हस्तकला प्रदर्शनी (Art Exhibition) :**

**दिशा-निर्देश :**

- संभागी किसी भी प्रकार की Reisin art, Craft, Glass art, Spray paint, Paper mache, Lippan art, Embroidery इत्यादि किसी भी प्रकार से हाथ की बनी हुई कलाकृति बनाएं।
- प्रत्येक क्षेत्र प्रदर्शनी का आयोजन मई माह में दिनांक 16 से 22 मई, 2024 के बीच में आयोजित करें।
- प्रत्येक क्षेत्र को प्रदर्शनी का एक वीडियो (30 sec. से 1 min) और चार फोटो कार्यक्रम की संयोजिका को भेजना होगा।
- कलाकृति गुरुदेव के जीवन-वृत्त पर आधारित होनी चाहिए।
- कलाकृति को मौलिक मुक्तक के द्वारा व्याख्यायित करें।

**अधिक जानकारी के लिए संयोजिका से सम्पर्क करें।**

**संयोजिकाएं – अंतिमा वडेरा : 9413721304,**
**विधि भंसाली : 9414368011.**

**प्रविष्ठियाँ भेजने का पता :** C/o. Sangita Surana, A one Zarda Store, Moti Karanja Chauraha, Post: Aurangabad (Maharashtra), Pin code: 431001, Mob.: 9403536690.

## तेरापंथ कन्या मंडल द्वारा फरवरी माह के करणीय कार्य : परिणाम

चौबीसी समूह गान प्रतियोगिता और अनुभूति लघुनाटिका वीडियो के परिणाम की घोषणा 23 मार्च, 2024 को zoom पर सफलतापूर्वक की गई, जिसमें 175 से अधिक कन्याएं उत्साहपूर्वक जुड़ी। राष्ट्रीय अध्यक्ष **श्रीमती सरिता डागा** की उपस्थिति में अभातेममं के ट्रस्टी **श्रीमती कनक बरमेचा** ने नवकार महामंत्र के उच्चारण से कार्यक्रम की शुरुआत की। स्वागत वक्तव्य कन्या मंडल प्रभारी **श्रीमती अदिति सेखानी** ने दिया। **श्रीमती कनक बरमेचा** ने बहुत ही सरल शब्दों में बताया कि पूज्य जयाचार्यश्री की अनमोल देन चौबीसी कोई साधारण गीतिका नहीं परन्तु मंत्र, ध्यान, तत्व, साधना एवं भक्ति की एक चमत्कारी और अनूठी रचना है साथ ही सभी कन्याओं की भूरी-भूरी प्रशंसा की। कार्यक्रम का संचालन क्रमशः चौबीसी एवं अनुभूति की संयोजिका श्रेणी गेलड़ा एवं सौम्या महनोत ने किया।

कन्या मंडल सह प्रभारी **श्रीमती सोनम बागरेचा** ने आभार ज्ञापन किया।

**प्रतियोगिता के परिणाम:**

**प्रथम स्थान :**
**चौबीसी–** सूरत
**अनुभूति–** ईस्ट दिल्ली, कटक

**द्वितीय स्थान :**
**चौबीसी–** ईस्ट दिल्ली, मलाड़
**अनुभूति–** कोयम्बतूर, चैम्बूर

**तृतीय स्थान :**
**चौबीसी–** उधना, डोंबिवली, हैदराबाद
**अनुभूति–** सूरत, पुणे, अहमदाबाद

**चतुर्थ स्थान :**
**चौबीसी–** मांड्या, साइन कोलिवाड़ा, ठाणे
**अनुभूति–** गदग, वापी

**पंचम स्थान :**
**चौबीसी–** उत्तर हावड़ा, साउथ हावड़ा, साउथ कोलकाता
**अनुभूति–** उत्तर हावड़ा, यशवंतपुरा

दोनों कार्यक्रम के वीडियोज इंस्टाग्राम पर अपलोड हैं।
link: https://www.instagram.com/abtkm?igsh=emN5aXVvbjl1dDZ4

चौबीसी और अनुभूति दोनों प्रतियोगिता में 53 क्षेत्रों की सहभागिता रही।

# अखिल भारतीय तेरापंथ महिला मंडल
## के तत्वावधान में
# तेरापंथ महिला मंडल, श्रीडूंगरगढ़ द्वारा अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर आयोजित
## *EmpowHERment: Celebrating Womanhood*





अखिल भारतीय तेरापंथ महिला मंडल के तत्वावधान में श्री डूंगरगढ़ महिला मंडल द्वारा दिनांक 6 मार्च, 2024 को मालू भवन में सेवा केन्द्र व्यवस्थापिका **'शासनश्री साध्वी कुंथुश्रीजी'** के सान्निध्य में EmpowHERment कार्यशाला का आयोजन हुआ।

कार्यक्रम में अखिल भारतीय तेरापंथ महिला मंडल की राष्ट्रीय अध्यक्ष, श्री डूंगरगढ़ की गौरव **श्रीमती सरिता डागा**, राष्ट्रीय कार्यसमिति सदस्य **श्रीमती नीरू पुगलिया** और **श्रीमती अलका जी बैद**, महासभा कार्यसमिति सदस्य **श्रीमती सुशीला जी पुगलिया** सहित अनेकों गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

मुख्य अतिथि **विधायक श्री ताराचंद सारस्वत**, मुख्य वक्ता **श्री पन्नालाल पुगलिया** व अनेकों सभा संस्थाओं के पदाधिकारी उपस्थित थे।

कार्यक्रम की शुरुआत नमस्कार महामंत्र व प्रेरणा गीत से की गई। नारी सशक्तिकरण पर एक नुक्कड़ नाटक कन्या मंडल व महिला मंडल के द्वारा प्रस्तुत किया गया।

**साध्वीश्री कुंथुश्रीजी** ने प्रेरणा पाथेय प्रदान करते हुए कहा कि आज नारी हर क्षेत्र में सक्षम है। महिला धृति है, शक्ति है, शांति है। हर घर की शोभा है, महान शक्ति का नाम है नारी। सभी क्षेत्रों में नारी ने अपना विकास किया है। नारी को सशक्त बनने के लिए नारी को नारी का साथ देना होगा।

मुख्य अतिथि **क्षेत्रीय विधायक श्री ताराचंद सारस्वत** ने अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस की बधाई देतु हुए सरकार की तरफ से महिलाओं को मिल रही योजनाओं की जानकारी दी।

मुख्य वक्ता **श्री पन्नालाल पुगलिया** ने अपने ओजस्वी वक्तव्य में कहा कि महिलाओं के पास वह कला है जो महिला घर को बिगाड़ सकती है तो संवार भी सकती है। महिलाओं ने लर्निंग, लेबर, लीडरशिप तीन गुण सीख लिए तो समझो बहुत कुछ सीख लिया।

**राष्ट्रीय अध्यक्ष श्रीमती सरिता डागा** ने सभी मेहमानों का स्वागत करते हुए अखिल भारतीय तेरापंथ महिला मंडल की योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी। आपने कहा कि मंडल अपने साथ हर महिला को जोड़ें। उन्हें सदस्य बनाएं। यह अध्यक्ष का दायित्व है कि सबको साथ लेकर चलें। पहले अपने घर को मजबूत बनाएं, संस्कारों को सुरक्षित रखना बहुत जरूरी है। घर और परिवार दोनों के बीच सामंजस्य बनाए रखें। आपने आह्वान किया कि **युगप्रधान आचार्यप्रवर श्री महाश्रमणजी का पदाभिषेक दिवस** आ रहा है। ज्यादा से ज्यादा बहिनें जप, तप, अठाई मासखमण से मनाये।

रा.का.स. **श्रीमती नीरू पुगलिया** ने कहा कि नारी एक ऐसी प्रज्ञा है जो हर समस्या का समाधान दे सकती हैं। नारी में वह पुरुषार्थ है जो निःस्वार्थ सेवा भावना से परिवार को पूर्णता प्रदान करती है।

रा.का.स. **श्रीमती अलका बैद** ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि नारी की पूजा भक्ति की अर्चा, कृति की वंदना, सृष्टि की सपर्या है। नारी ही परिवार की धूरी है।

**साध्वीप्रमुखा श्रीजी** के संदेश का वाचन **श्रीमती सुशीला जी पुगलिया** ने किया। **श्रीमती रेखा भादानी** को प्रेरणा सम्मान से सम्मानित किया गया।

स्थानीय तेरापंथ सभा मंत्री **श्री पवन सेठिया**, युवक परिषद अध्यक्ष **श्री मनीष नोलखा**, अणुव्रत समिति उपाध्यक्ष **श्री सत्यनारायण स्वामी** ने अपने विचार रखते हुए राष्ट्रीय अध्यक्ष का स्वागत किया।

तेरापंथ महिला मंडल की परामर्शिका **श्रीमती संगीता दुगड़** ने कुशल संचालन किया। कार्यक्रम के पश्चात प्रेस कॉन्फ्रेंस का आयोजन किया गया, जिसमें स्थानीय पत्रकारों ने राष्ट्रीय अध्यक्ष का साक्षात्कार लिया एवं महिला जागरण एवं महिला सशक्तिकरण के संदर्भ में अभातेममं के कार्यों की जानकारी ली।

# अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर जयपुर शहर मंडल द्वारा आयोजित
## *EmpowHERment: Celebrating Womanhood*




जयपुर, 08 मार्च। **बहुश्रुत शासनगौरव साध्वीश्री कनकश्रीजी** के सान्निध्य में राजस्थान की **उपमुख्यमंत्री माननीया दीया कुमारी जी** के विशिष्ट आतिथ्य में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर जैन श्वेताम्बर तेरापंथ महिला मंडल, जयपुर शहर की ओर से मालवीय नगर स्थित अणुविभा केन्द्र में एंपावरमेंट वूमेनहुड कार्यक्रम आयोजित किया गया। उपमुख्यमंत्री दीया कुमारी जी ने अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस की हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं देते हुए कहा कि नारी का सम्मान करना हमारे देश की सदियों पुरानी परम्परा है। देश का विकास महिलाओं के विकास के बिना संभव नहीं है। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश में महिलाओं के विकास हेतु अनेक निर्णय लिए गए हैं।

महिलाओं की प्रगति में अनेकों योजनाएं व कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं। उन्होंने कार्यक्रम में उपस्थित साध्वीश्रीजी का अभिनंदन किया और आशीर्वाद भी लिया। तेरापंथ महिला मंडल की मंत्री **श्रीमती नीलिमा बैद** ने दीया कुमारी जी के व्यक्तित्व और कृतित्व का परिचय दिया।

इस अवसर पर **शासनगौरव साध्वीश्री कनकश्री जी** ने अपने संबोधन में कहा कि यह गौरव का विषय है कि दीया कुमारीजी जैसी महिला प्रतिभा उपमुख्यमंत्री के रूप में राजस्थान राज्य की सेवा समर्पित भाव से कर रही है। यह प्रदेश के लिए गौरव का विषय है। महात्मा गाँधी ने भी कहा था कि महिलाओं की लीडरशिप जहाँ होती है, वह सफल होती है। महिलाओं में लीडरशिप की अद्‌भूत क्षमता है। यह भी एक गौरव की बात है कि भारत देश की **राष्ट्रपति श्रीमती द्रोपदी मुर्मू** भी एक महिला है। अपेक्षा है महिलाएं अपनी अगली पीढ़ी को शिक्षित और संस्कारी बना राष्ट्र निर्माण के लिए कार्य करें। महिलाओं की बहुआयामी प्रतिभा और क्षमताओं का जिक्र करते हुए साध्वीश्री ने कहा कि आज वे हर क्षेत्र में आगे बढ़ रही हैं और सफलता का परचम फहरा रही हैं।

अखिल भारतीय तेरापंथ महिला मंडल की राष्ट्रीय अध्यक्ष **श्रीमती सरिता डागा** ने तेरापंथ महिला मंडल की बहुआयामी प्रवृत्तियों की जानकारी दी और कहा कि स्वच्छ भारत का निर्माण और पर्यावरण को स्वच्छ बनाने के लिए



Plastic Recycle Machine लगवाने हेतु प्रेरित किया जा रहा है। साथ में महिलाओं को रोजगार उपलब्ध करवाने के लिए सिलाई मशीन, आटा चक्की तथा इसी तरह के रोजगार के अवसर उपलब्ध करवाने वाले उपकरण उपलब्ध करवाए जा रहे हैं। इस अवसर पर सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति हुई। महिलाओं ने महिला जागृति और प्रेरणा गीत की प्रस्तुति दी। महिला सशक्तिकरण का एक भव्य नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत कर समां बांध दिया। राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय, लखेसरा, सांगानेर सिटी, जयपुर की प्रधानाचार्य **रीटाजी कोठारी** को तेरापंथ महिला मंडल, जयपुर शहर की ओर से प्रेरणा सम्मान से सम्मानित किया गया।

अखिल भारतीय तेरापंथ महिला मंडल की ट्रस्टी **श्रीमती विमला दुगड़,** पूर्व अध्यक्ष **श्रीमती पुष्पा बैद,** तेरापंथी सभा जयपुर के अध्यक्ष **श्री हिम्मत मल डोसी,** T.P.F. अध्यक्ष **श्री पवन जैन,** तेरापंथ युवक परिषद अध्यक्ष **श्री अमित छल्लानी,** मंत्री **श्री मोहित गधैया,** अणुव्रत समिति अध्यक्ष जयपुर **विमल गोलछा,** शिक्षा समिति अध्यक्ष **श्री नरेश मेहता** भी उपस्थित थे। तेरापंथ महिला मंडल, शहर जयपुर की अध्यक्ष **श्रीमती नीरू मेहता** का स्वागत भाषण हुआ। मंत्री **श्रीमती नीलिमा बैद** ने आभार ज्ञापन किया।

प्रेम निकेतन स्कूल वाइस प्रेसीडेंट **श्रीमती आशा नीलू टांक,** वासुपूज्य महिला मंडल अध्यक्ष **मधु बोरड,** पार्श्व पद्मावती स्नात्र महिला मंडल अध्यक्ष **रेखा जैन,** मेट्रो J.S.G. संगिनी ग्रुप की सेक्रेटरी **रेखा पाटनी,** नारी कभी न हारी संस्था की संस्थापक **वीणा चौहान, अनिला कोठारी** की गरिमामय उपस्थिति रही।

# अखिल भारतीय तेरापंथ महिला मंडल के तत्वावधान में तेरापंथ महिला मंडल, पाली द्वारा मारवाड़ स्तरीय मेरा परिवार - मेरी जिम्मेदारी कार्यशाला का आयोजन







अखिल भारतीय तेरापंथ महिला मंडल के तत्वावधान में मारवाड़ स्तरीय आंचलिक कार्यशाला मेरा परिवार मेरी जिम्मेदारी का आयोजन तेरापंथ महिला मंडल, पाली द्वारा 11 मार्च, 2024 को **मुनिश्री सुमति कुमार जी** एवं **मुनिश्री जयकुमार जी ठाणा-6** के सान्निध्य में आयोजित की गई। कार्यशाला के प्रारम्भ में मंडल की **राष्ट्रीय अध्यक्ष श्रीमती सरिता डागा** एवं **महामंत्री श्रीमती नीतू ओस्तवाल** ने कार्यशाला के लोगो का अनावरण किया। **मुनिश्रीजी** द्वारा नमस्कार महामंत्र के उच्चारण से प्रारम्भ कार्यक्रम में तेमम, पाली की बहिनों द्वारा प्रेरणा गीत से मंगलाचरण किया गया। मंडल अध्यक्ष **श्रीमती सुषमा डागा** एवं मारवाड़ क्षेत्र प्रभारी रा.का.स. **श्रीमती विनीता बेंगानी** ने स्वागत भाषण दिया।

अभातेमम संरक्षिका **श्रीमती सायर बैंगानी** द्वारा **साध्वीप्रमुखाश्रीजी** के संदेश वाचन हुआ। इस अवसर पर बहिनों को प्रेरणा देते हुए **मुनिश्री जयकुमार जी** ने फरमाया कि भगवान महावीर ने आत्म रक्षा की बात कही। उन्होंने कहा कि सभी इंद्रियों को छोड़कर आत्मा की रक्षा करो। आत्मा को परम तत्व तक पहुँचाना हो तो अपने भीतर रहो। **मुनिश्री सुमति कुमार जी** ने अपने मंगल उपदेश में कहा कि आत्मा शाश्वत है। सबसे पहले अपनी आत्मा को देखें, नारी अपने मूल गुणों को समता, ममता, सहनशीलता आदि गुणों द्वारा अपने परिवार की जिम्मेदारी निभाएं। अपने भीतर में कृतज्ञता, प्रमोद भावना, गुणानुवाद की भावना होनी चाहिए और परिवार में प्रेम, स्नेह, विनय, वात्सल्य, सहिष्णुता आदि गुणों का विकास होना चाहिए। **मुनिश्री देवार्य मुनि** ने सभी महिलाओं को तत्त्वज्ञान का कोर्स करने का संकल्प करना चाहिए।

अखिल भारतीय तेरापंथ महिला मंडल अध्यक्ष **श्रीमती सरिता डागा** ने सभी बहिनों का स्वागत करते हुए बताया कि आचार्य श्री तुलसी ने हमें रूढ़िवाद से मुक्त किया, जिम्मेदारी से मुक्त नहीं किया, इसलिए हमें अपनी जिम्मेदारी निभानी चाहिए। महिलाओं को हर परिस्थिति में समता से काम लेना चाहिए। इधर-उधर की बातों से नहीं, महिलाएं केन्द्र बिंदु से जुड़े, संस्कारों से जुड़े। राष्ट्रीय उपाध्यक्ष **श्रीमती विजयलक्ष्मी भूरा** ने संकल्प पत्र का वाचन किया। महामंत्री **श्रीमती नीतू ओस्तवाल** ने एक कहानी के माध्यम से बताया कि परिवार की जिम्मेदारी स्वयं नारी की होगी, इसलिए दूसरों की खामियां न देख कर खुद को देखे और पहले खुद को सुधारे। तभी विकास संभव है।

परिवार का सृजन और महालेखिका नारी बनने की कोशिश करनी चाहिए। विशिष्ट अतिथि **डॉ. पूजा सक्सेना** (आर.ए.एस. यूआई सेक्रेटरी) का साहित्य और दुपट्टे द्वारा स्वागत किया गया एवं **श्रीमती महक धोका** को प्रेरणा सम्मान से सम्मानित किया गया। पाली महिला मंडल की बहिनों द्वारा मेरा परिवार मेरी जिम्मेदारी पर एक लघु नाटिका की प्रस्तुति दी गई।

पाली शहर के सभी पत्रकार दल एवं ऑनलाइन न्यूज चैनल ने कार्यक्रम में शामिल होकर राष्ट्रीय अध्यक्ष, महामंत्री, संरक्षिका एवं टीम के साथ प्रेस कांफ्रेंस की और अभातेममं के सभी योजनाओं के बारे में विस्तार से जानकारी ली। News bite आदि भी बनाई गई। प्लास्टिक बॉटल निस्तारण की नयी मशीन अखिल भारतीय तेरापंथ महिला मंडल की ओर से लगवाई जा रही है, ऐसी मशीन पाली शहर में जगह-जगह लगे, ऐसा पत्रकारों द्वारा कहा गया।

कार्यक्रम के द्वितीय चरण में संभागी सभी क्षेत्रों द्वारा प्रस्तुति दी गई एवं अभातेमम टीम द्वारा सभी बहिनों का जिज्ञासा समाधान किया गया। कार्यशाला में 15 क्षेत्रों पाली, बालोतरा, बायतु, बाड़मेर, जोधपुर सरदारपुरा, जोधपुर जाटाबास, कनाना, असाड़ा, पचपदरा, जसोल, टापरा, सोजत रोड, सोजत सिटी, बागावास, रानी आदि से लगभग 500 बहिनों की उपस्थिति रही। कार्यशाला की आयोजना में तेरापंथ महिला मंडल पाली एवं तेरापंथ कन्या मंडल, पाली का श्रम मुखर रहा। तेरापंथ सभा, तेयुप, तेरापंथ किशोर मंडल, अणुव्रत समिति आदि सभी संस्थाओं के पदाधिकारियों के साथ-साथ अभातेममं संरक्षिका **श्रीमती सायर बैंगानी**, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष **श्रीमती सुमन नाहटा, श्रीमती विजयलक्ष्मी भूरा**, राष्ट्रीय कार्यसमिति सदस्य **श्रीमती अर्चना भंडारी, श्रीमती विनीता बेंगानी, श्रीमती मीना ओस्तवाल** की गरिमामय उपस्थिति रही।

# अखिल भारतीय तेरापंथ महिला मंडल के निर्देशन में

## श्री जैन श्वेतांबर तेरापंथ महिला मंडल, सी-स्कीम, जयपुर द्वारा आयोजित कार्यक्रम

## स्वच्छ भारत अभियान- एक कदम स्वच्छ भारत की ओर

## #Solution to plastic pollution



दिनांक 8 मार्च, 2024 को **अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस** के उपलक्ष्य में जयपुर सी-स्कीम महिला मंडल द्वारा Solution to Plastic Pollution कार्यक्रम के अंतर्गत **प्लास्टिक बॉटल रीसाइकलिंग मशीन** का भव्य उद्घाटन JC Hometex, सीतापुरा में किया गया।

राष्ट्रीय अध्यक्ष **श्रीमती सरिता डागा** ने इस मशीन का उद्घाटन किया। उन्होंने बताया कि भारत में लगभग प्रतिदिन 26000 टन प्लास्टिक कचरा उत्पन्न होता है, जिसमें से सिर्फ 8% का ही पुनर्चक्रण होता है। इस मशीन को लगाने से हम इस जटिल समस्या से छुटकारा पा सकते हैं। उन्होंने यह भी बताया कि पूरे भारतवर्ष में इस तरह की मशीन लगाने की योजना है, जिसमें आज पहली मशीन जयपुर सी-स्कीम महिला मंडल द्वारा लगाई गई है। इसके लिए उन्होंने जयपुर सी-स्कीम तेरापंथ महिला मंडल को बहुत-बहुत बधाई दी।

तेमम, सी-स्कीम अध्यक्ष **श्रीमती प्रज्ञा सुराणा** ने बताया कि भारत में प्लास्टिक द्वारा बढ़ते प्रदूषण की रोकथाम के लिए इस मशीन को लगाया गया है। इस मशीन द्वारा हम प्लास्टिक बोतलों को रीसाइकल कर सकते हैं और भारत को स्वच्छ बनाने में अपना योगदान दे सकते हैं।

इस प्रोजेक्ट की राष्ट्रीय संयोजिका **श्रीमती अलका बैद** ने इस मशीन द्वारा कैसे Bottle Crush होती है और उसका क्या-क्या उपयोग हो, मशीन की उपयोगिता एवं उपयोग के तरीके के बारे में जानकारी दी।

इस कार्यक्रम में अभातेममं उपाध्यक्ष **श्रीमती विजयलक्ष्मी भूरा**, राकास **श्रीमती ममता रांका** एवं **श्रीमती नीरू पुगलिया** की विशेष उपस्थिति रही। तेमम, सी-स्कीम मंत्री **श्रीमती रीतु गधैया** ने आभार व्यक्त किया।

इस कार्यक्रम के प्रायोजक रहे **श्रीमान सुबोध सोनिया पुगलिया।** कार्यक्रम में स्थानीय मंडल के पदाधिकारीगण एवं सदस्यों की अच्छी संख्या में उपस्थिति रही।

# राजस्थान स्थापना दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में अभातेममं का सम्मान




राजस्थान स्थापना दिवस के अवसर पर **'मैं भारत हूँ फाउण्डेशन'**, मुम्बई द्वारा **आपणो राजस्थान** कार्यक्रम मुम्बई फिल्म सिटी में आयोजित हुआ। राजस्थान प्रवासियों का यह एक विशेष कार्यक्रम आयोजित था जिसमें अखिल भारतीय तेरापंथ महिला मंडल द्वारा महिला सशक्तिकरण के संदर्भ में संचालित मंडल की चार स्थाई योजनाओं एवं किए जा रहे कार्यक्रमों के लिए सम्मानित किया गया। इस अवसर पर राष्ट्रीय अध्यक्ष ने बताया कि यह सम्मान **परम पूज्य आचार्यश्री महाश्रमणजी** की अनुशासना में अभातेममं द्वारा किए जा रहे कार्यों का सम्मान है। हमारा सौभाग्य है कि हम महिलाओं को सामाजिक, आध्यात्मिक गतिविधियों के लिए मंडल जैसा सशक्त संगठन मिला है, जो निरन्तर विकास पथ पर अग्रसर है। इस कार्यक्रम में अखिल भारतीय तेरापंथ महिला मंडल की राष्ट्रीय अध्यक्ष **श्रीमती सरिता डागा** को विशेष रूप से आमंत्रित किया गया एवं आपको **'राजस्थान कोहिनूर'** से विभूषित किया गया।

# अभातेममं द्वारा ZOOM पर कैंसर जागरूकता अभियान कार्यक्रम





*डॉ. राजेन्द्र जैन कुंडलिया*

